कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय
हरदीबाजार,जिला–कोरबा (छ.ग.)

Email-gbvphardibazar@gmail.com,Web.-ggbchb.org, विशिष्ट कोड–3109,Contact No. 9425227782

क्रमांक / /अति.व्याख्याता/2023 हरदीबाजार, दिनांक–14.03.2023

//विज्ञापन सूचना//

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर के पत्र क्र. 563/126/आउशि/राज. स्था./2022 दिनांक 08.09.2022 के परिपालन में शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार, जिला–कोरबा (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता से अध्यापन व्यवस्था किया जाना है। अध्यापन के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 20.03.2023 तक स्पीड पोस्ट से या स्वयं उपस्थित होकर महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क्रं.	विषय	पद विरूद्ध	पदों की संख्या
01.	भौतिकशास्त्र	सहायक प्राध्यापक	01

टीपः–

01. इस प्रयोजन हेतु कार्यरत् अतिथि व्याख्याताओं की सेवाए भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा।
02. उक्त पदों पर नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर होगी।
03. अतिथि व्याख्याताओं को चयनित होने के पश्चात् कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज न होना तथा किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन देना होगा।
04. अतिथि व्याख्याता नियुक्त होने पर प्रति कालखण्ड रू. 300/– तथा प्रतिदिन अधिकतम 04 कालखण्ड एवं रू. 1200/– एवं मासिक (अधिकतम) रूपये 31,200/– मानदेय दिया जायेगा।
05. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर दिनांक 20.03.2023 तक जमा कर सकते है। बाद में प्राप्त आवेदन अमान्य होंगे।
06. चयन होने पर नियुक्ति के समय आवेदकों को समस्त प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि तथा मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
07. चयनित पद पर शासन द्वारा नियमित नियुक्ति होने पर अथवा किसी अन्य शिक्षक के स्थानांतरण पर आने पर यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।
08. उक्त सेवा की सेवा अवधि सत्र 2022–23 के लिए मान्य होगी।

प्राचार्य

पृ.क्र. 113/2 /अति.व्या./2023 हरदीबाजार,दिनांक–14/03/2023

प्रतिलिपिः–

01. आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय,नया रायपुर को सूचनार्थ।
02. कलेक्टर, जिला–कोरबा (छ.ग.) को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य समस्त शासकीय महाविद्यालय छत्तीसगढ़ ....कृपया उपरोक्त सूचना अपने सूचना पटल में चस्पा करवाने का कष्ट करें।
04. समस्त संवाददाता दैनिक भास्कर, हरिभूमि, नई दुनिया, पत्रिका, नवभारत, देशबंधु, अमृत संदेश हरदीबाजार को इस निवेदन के साथ कृपया लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
05. महाविद्यालयीन वेवसाईट पर अपलोड करें।

प्राचार्य

प्राचार्य
शा.ग्राम्य भारती महाविद्यालय
हरदी बाजार (छ.ग.)